वेबसाइट: www.bankofbaroda.in **ई-मेल:** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/ **Place: पुणे** तारीख/ **Date: 18.09.2023**

प्रेसववज्ञप्ति /Press Release

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को भारत सरकार का राजभाषा कीर्ति पुरस्कार

बैंक ऑफ़ बड़ौदा को लगातार दूसरी बार 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' के तहत सम्मानित किया गया

पुणे, 18 सप्टेंबर 2023 : सार्वजनिक क्षेत्र के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा को राष्ट्रीयकृत बैंकों की श्रेणी में वर्ष 2022-23 हेतु भारत सरकार की '**राजभाषा कीर्ति पुरस्कार**' योजना के अंतर्गत '**द्वितीय पुरस्कार**' से सम्मानित किया गया।

उपर्युक्त पुरस्कार बैंक को दिनांक 14 सितंबर 2023 को पुणे (महाराष्ट्र) में आयोजित हिंदी दिवस समारोह- 2023 एवं तृतीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन के दौरान प्रदान किया गया। यह पुरस्कार समारोह के मुख्य अतिथि माननीय गृह राज्य मंत्री **श्री अजय कुमार मिश्रा** के कर कमलों से एवं उपाध्यक्ष, संसदीय राजभाषा समिति श्री भर्तृहरि महताब, उपसभापति, राज्य सभा श्री हरिवंश नारायण सिंह, सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, सुश्री अंशुली आर्या की उपस्थिति में प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी **श्री देबदत्त चांद** ने ग्रहण किया।

इसके साथ ही नगर राजभाषा कार्यान्वयन समितियों हेतु भारत सरकार की योजना '**नराकास राजभाषा सम्मान**' के तहत बैंक के प्रधान कार्यालय, बड़ौदा के संयोजन में कार्यरत **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), वडोदरा** को '**ख**' भाषाई क्षेत्र के अंतर्गत '**प्रथम पुरस्कार**' एवं **नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक), वाराणसी** को '**क**' भाषाई क्षेत्र में '**द्वितीय पुरस्कार**' प्राप्त हुआ है ।

गौरतलब है कि बैंक का मोबाइल बैंकिंग एप्लिकेशन **बॉबवर्ल्ड** हिंदी सहित 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है। बैंक की व्हाट्सऐप बैंकिंग सेवा अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी एवं गुजराती भाषा में उपलब्ध है। ग्राहकों की सुविधानुसार लेनदेन एसएमएस की सुविधा 12 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध कराई गई है। बैंक के अन्य डिलीवरी चैनल जैसे एटीएम, सेल्फ सर्विस पासबुक, बॉब वर्ल्ड इंटरनेट बैंकिंग, चैटबॉट सेवा, कांटैक्ट सेंटर, डिजिटल लेंडिंग जर्नी आदि में हिंदी एवं भारतीय भाषाओं का विकल्प उपलब्ध कराया गया है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के बारे में:

20 जुलाई, 1908 को सर महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ III द्वारा स्थापित, बैंक ऑफ़ बड़ौदा भारत के प्रमुख वाणिज्यिक बैंकों में से एक है। 63.97% हिस्सेदारी के साथ यह प्रमुख रूप से भारत सरकार के स्वामित्व में है। बैंक पांच महाद्वीपों में 18 देशों में फैले 70,000 से अधिक टचप्वाइंट के माध्यम से 150 मिलियन से अधिक के अपने वैश्विक ग्राहक आधार को सेवाएं प्रदान कर रहा है। अपने अत्याधुनिक डिजिटल बैंकिंग प्लेटफॉर्म के माध्यम से यह सभी बैंकिंग उत्पादों और सेवाओं को निर्बाध एवं बाधारहित तरीके से उपलब्ध करा रहा है। बॉब वर्ल्ड मोबाइल ऐप ग्राहकों को एक ही ऐप के अंतर्गत बचत, निवेश, उधार एवं खरीदारी का अनुभव प्रदान कर रहा है। यह ऐप वीडियो केवाईसी के माध्यम से खाता खोलने की सुविधा उपलब्ध कराकर गैर-ग्राहकों को भी सेवा प्रदान करता है। बैंक का दृष्टिकोण अपने विविध ग्राहक आधार के अनुरूप है तथा यह

विश्वास एवं सुरक्षा की भावना पैदा करता है। बैंक उस दिशा में मजबूती से आगे बढ़ रहा है और बॉब वर्ल्ड डिजिटल परिवर्तन की दिशा में इसके रोडमैप का एक प्रमाण है।

- www.bankofbaroda.in पर जाएं.
- फेसबुक https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- ट्विटर https://twitter.com/bankofbaroda
- इंस्टाग्राम https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- यूट्यूब https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- लिंक्डइन https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

कृपया अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:

बैंक ऑफ़ बड़ौदा का संपर्क सूत्र: फिरोजा चौकसी | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
परफेक्ट रिलेशंस - स्नेहा जोशी | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com